प्रसार भारती

आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 गुरूवार** **दिनांक 15.08.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— राष्ट्र आज अठहत्तरवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है—प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में लालकिले से राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्र को संबोधित किया।

2— छत्तीसगढ़ में भी स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है—मुख्यमंत्री ने रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में तिरंगा फहराया—परेड की सलामी ली।

3— मुख्यमंत्री ने बताया कि संभाग स्तर पर एम्स की तर्ज पर राज्य में छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस—सिम्स शुरू की जाएगी।

4— प्रदेश के अन्य जिलों में भी राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों ने ध्वजारोहण किया।

## स्वतंत्रता दिवस—प्रधानमंत्री—01

राष्ट्र आज अठहत्तरवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर नई दिल्ली में लालकिले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज

फहराया और राष्ट्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने सेमीकन्डक्टर उत्पादन में वैश्विक नेतृत्व हासिल करने, आयात पर निर्भरता कम करने और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने की भारत की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। उन्होंने विनिर्माण, गेमिंग और डिजाइनिंग समेत विभन्न क्षेत्रों में देश को वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने के लिए नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के एक सौ चालीस करोड़ नागरिक एक संकल्प लेकर चलें तो हर चुनौती को पार कर देश को वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बना सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सदियों पुरानी नालंदा विश्वविद्यालय की भावना को जगाना होगा और ज्ञान की परंपरा को आगे बढ़ाना होगा। श्री मोदी ने कहा कि वोकल फॉर लोकल मंत्र देश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि का मंत्र बन गया है।

**<u>स्वतंत्रता दिवस–प्रधानमंत्री–02</u>**

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्ष में दस करोड़ महिलाएं स्वयं–सहायता समूहों से जुडकर वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं। श्री मोदी ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार के कारण देश में रोष है। महिलाओं के साथ अपराधों की जल्द से जल्द जांच और दोषियों को जल्द सजा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया में दुष्कर्म की घटनाएं तो उजागर होती हैं, लेकिन दोषियों को मिलने वाली सजा का ज्यादा प्रचार नहीं होता।

**बाईट–प्रधानमंत्री**

**(20 सेकेण्ड)**

**हमारी माताओं, बहनों बेटियों के प्रति जो अत्याचार हो रहे हैं। उसके प्रति देश का आक्रोश है, जिसको देश को, समाज को हमारे राज्य सरकारों को गंभीरता से लेना होगा। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की जल्द से जल्द जांच हो, राक्षसी कृत्य करने वालों को जल्दी से जल्दी कड़ी सजा हो, ये समाज में विश्वास पैदा करने के लिए जरूरी है।**

**स्वतंत्रता दिवस–मुख्यमंत्री–01**

छत्तीसगढ़ में भी स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुख्य समारोह राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तिरंगा फहराकर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा बलों के जवान लोकतंत्र विरोधी, माओवादियों से पूरे साहस और जज्बे के साथ मुकाबला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंदरूनी क्षेत्रों में नये कैंपों का विस्तार कर लोगों को आतंक से मुक्ति देने के साथ ही इन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने का काम भी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माओवादी घटनाओं से निपटने के लिए अनुसंधान और अभियोजन की कार्रवाई और भी प्रभावी रूप से हो सके, इसके लिए राज्य अन्वेषण एजेंसी–एसआईए का गठन किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अट्ठारह जिलों में सत्तर मल्टी विलेज योजनाओं का काम शुरू हो गया है। राज्य सरकार ने प्रदेश में पचास लाख ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य रखा था, जिनमें से उनतालीस लाख इकतीस हजार परिवारों को नल कनेक्शन दिया जा चुका है।

श्री साय ने बताया कि वन अधिकार पत्र धारकों की मृत्यु हो जाने के बाद उनके वारिसों को वन अधिकार पत्र हस्तांतरित करने की प्रक्रिया का उल्लेख वन अधिकार नियमों में नहीं था। इसमें सुधार करते हुए राज्य सरकार ने उनके वारिसों को वन अधिकार पत्र हस्तांतरित करने का प्रावधान किया है।

## स्वतंत्रता दिवस–मुख्यमंत्री–02

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों की अधोसंरचना को बेहतर करने और शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रथम चरण में प्रदेश के दो सौ ग्यारह स्कूलों में पीएमश्री योजना शुरू की गई है। इन स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुनिश्चित करने और नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने ''छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा मिशन'' का गठन किया है। उन्होंने बताया कि सरकार आईआईटी की तर्ज पर प्रदेश के हर लोकसभा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी संस्थान शुरू करने जा रही है। पहले चरण में रायपुर, रायगढ़, बस्तर, कबीरधाम और जशपुर जिले में इसकी स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि संभाग स्तर पर एम्स की तर्ज पर छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस–सिम्स शुरू करने का निर्णय लिया गया है। रायपुर में मेकाहारा और बिलासपुर में सिम्स के भवन विस्तार तथा अन्य सुविधाओं पर काम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राजधानी के नालंदा परिसर की तरह ही तेरह और नगरीय निकायों में सर्व–सुविधायुक्त लाइब्रेरी भी तैयार की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था को और ज्यादा गति देने के लिए प्रदेश की नई उद्योग नीति तैयार की जा रही है। इसके लिए छत्तीसगढ़ आर्थिक सलाहकार परिषद के गठन का भी निर्णय सरकार ने लिया है।

## मुख्यमंत्री–पुलिस पदक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छियालीस पुलिस अधिकारियों और जवानों को उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस पदकों से सम्मानित किया। इनमें पुलिस वीरता पदक से छब्बीस, राष्ट्रपति पुलिस पदक से दो, सराहनीय सेवा सुधार पदक से दो और राज्य स्तरीय तथा पुलिस महानिदेशक पदकों से पांच अधिकारी–कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस–राज्यपाल/मंत्री

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज राजभवन में राज्यपाल रमेन डेका ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राजभवन के कर्मचारियों के परिजनों और बच्चों से मुलाकात कर उन्हें टॉफी और मिठाई वितरित की।

वहीं, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने राजनांदगांव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बिलासपुर और विजय शर्मा ने बस्तर जिला मुख्यालय में तिरंगा फहराया। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने जांजगीर, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बलौदाबाजार, कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने अंबिकापुर, वन मंत्री केदार कश्यप ने दुर्ग, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कोरबा, खाद्य मंत्री

दयालदास बघेल ने महासमुंद और महिला तथा बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बलरामपुर में ध्वजारोहण किया।

इसी तरह, प्रदेश के अन्य जिलों में भी राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों ने तिरंगा फहराया और मुख्यमंत्री के प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया।

## मुख्यमंत्री–स्कूली बच्चे मुलाकात

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'छू लो आसमां' एजुकेशन सिटी बीजापुर में पढ़ाई कर रहे कक्षा नवमीं, दसवीं और ग्यारहवीं के सौ विद्यार्थियों ने आज रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान बच्चों ने मुख्यमंत्री से अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर और बिजनेसमैन बनना चाहते हैं। रायपुर भ्रमण के दौरान इन बच्चों ने मुक्तांगन, जंगल सफारी और राम मंदिर का भ्रमण किया। साथ ही रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में भी शामिल हुए। गौरतलब है कि ये बच्चे पहली बार हवाई यात्रा कर रायपुर पहुंचे हैं।

## छायाचित्र प्रदर्शनी

स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर के कचहरी चौक स्थित टाउन हॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई सात दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस प्रदर्शनी का अवलोकन आम नागरिक इक्कीस अगस्त तक प्रतिदिन सुबह ग्यारह बजे से रात आठ बजे तक कर सकते हैं।

**राहुल गुप्ता—माउंट कोजिअस्को**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज छत्तीसगढ़ के पर्वतारोही राहुल गुप्ता ने ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट कोजिअस्को पर तिरंगा फहराकर रिकॉर्ड बनाया। गौरतलब है कि राहुल ने ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप की करीब सात हजार तीन सौ दस फीट ऊंचाई वाली माउंट कोजिअस्को पर आज चढ़ाई पूरी की। उन्होंने वहां लहराकर छत्तीसगढ़ की जनता को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। यह अभियान दिल्ली के मिशन पॉसिबल द्वारा आयोजित अभियान का हिस्सा है। इसमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा और उत्तरप्रदेश के ग्यारह पर्वतारोही शामिल थे।

**दुर्घटना**

बिलासपुर जिले में बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत हो गई है। वहीं, दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार शुभम विहार कॉलोनी निवासी परिवार के लोग चकरभाटा से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सकरी मुख्य मार्ग पर उनकी कार सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर से टकरा गई।

**माओवादी—हत्या**

सुकमा जिले में माओवादियों ने अपने ही एक साथी कुरसम मनीष उर्फ राज की हत्या कर दी है। माओवादियों की दक्षिण बस्तर डिविजनल कमेटी के सचिव गंगा ने प्रेस नोट जारी कर हत्या की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने मनीष पर पुलिस के साथ मिलकर भीतरघात करने का आरोप लगाया है।

इसी जिले के पूवर्ती गांव के पास माओवादियों ने बीती रात सोलह वर्षीय एक छात्र की भी हत्या कर दी है। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>